भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या 2648
गुरुवार, 22 दिसंबर, 2022 / 1 पौष, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

स्वच्छता अभियान

2648. श्रीमती रीती पाठक:
श्री जुगल किशोर शर्मा:
श्री सत्यदेव पचौरी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय ने 02 अक्तूबर से 31 अक्तूबर, 2022 तक स्वच्छता के लिए विशेष अभियान 2.0 आयोजित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और उद्देश्य क्या है;

(ख) क्या इस अभियान का उद्देश्य लंबित मामलों के निपटान, पुरानी/अनावश्यक फाइलों को हटाने और स्थान प्रबंधन पर विशेष ध्यान देते हुए कार्यालयों की समग्र सफाई करना था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का कानपुर, हवाई अड्डे और जम्मू हवाई अड्डे तथा मध्य प्रदेश में नए टर्मिनलों से उड़ानें संचालित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) और (ख) नागर विमानन मंत्रालय ने, सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों का निपटान करने और स्वच्छता को संस्थागत बनाने के उद्देश्य से 02 से 31 अक्टूबर, 2022 तक लम्बित मामलों के निपटान और स्वच्छता संबंधी विशेष अभियान 2.0 में भाग लिया। मंत्रालय के अलावा, फील्ड कार्यालयों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित सभी सम्बद्ध कार्यालयों ने अभियान में भाग लिया।

देशभर में 134 स्थानों पर स्वच्छता अभियान आयोजित किए गए। अभियान के दौरान, कुल 43224 फिजिकल फाइलों की समीक्षा की गई, जिनमें से 32919 फिजिकल फाइलों की छंटाई करके 42,786 वर्ग फुट जगह खाली की गई और रद्दी की बिक्री से 2,65,91,760/- रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इसके अलावा, अभियान के दौरान 582 लोक शिकायतों और 145 लोक शिकायत अपीलों का भी निपटान किया गया।

(ग) कानपुर, जम्मू, ग्वालियर, जबलपुर और रेवा हवाईअड्डों पर नए टर्मिनल भवनों का निर्माण कार्य चल रहा है। पहले से ही, कानपुर, जम्मू, ग्वालियर और जबलपुर के लिए मौजूदा टर्मिनलों से उड़ानों का प्रचालन किया जा रहा है तथा रेवा व अन्य नए टर्मिनल भवनों पर प्रचालन शुरू होने के बाद इन स्थानों से उड़ानों का प्रचालन किया जा सकता है।

*****